आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस पर सम्पूर्ण भारत से दो सौ दस पंचायत नेता नई दिल्ली में समारोह में शामिल होंगे। इन विशेष अतिथियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार कमान के संयुक्त सेवाओं का बैंड सिम्फोनिक कॉनसर्ट कार्यक्रम पन्द्रह अगस्त की शाम को मरीना पार्क में आयोजित होगा।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत में बाईक रैली निकाली गई।
- फरारगंज में एस टी एस यूनिट के नवनिर्मित कार्यालय भवन का कल उद्घाटन होगा।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। अटठाईस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो सौ दस पंचायत नेता पन्द्रह अगस्त को नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी ढाँचा, बेहतर सार्वजनिक सेवाएं और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे उल्लेखनीय सुधार किए हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि इन विशेष अतिथियों ने हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मिशन इंद्रधनुष जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इन विशेष अतिथियों के लिए कल नई दिल्ली में एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ए.आई संचालित सभासार एप्लीकेशन लॉन्च भी किया जाएगा। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय है – आत्मनिर्भर पंचायत विकसित भारत की पहचान, जो विकसित भारत की एक प्रमुख स्तंभ के रूप में आत्मनिर्भर भारत पंचायतों के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और सभी स्थानों पर समारोह प्रातः साढ़े सात बजे तक पूरा हो जाना चाहिए जिससे श्री विजयपुरम् स्थित नेताजी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में लोग समय पर भाग ले सकें। पूरे केंद्र शासित प्रदेश में स्कूलों, औषधालयों आदि सहित सभी सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायतों के मुख्यालयों पर भी ग्राम पंचायत के प्रधानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। दक्षिण अंडमान, कार निकोबार और उत्तर एवं मध्य अंडमान के उपायुक्त अपने–अपने क्षेत्राधिकार में आवश्यक निर्देश जारी कर सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संदेश के कारण कल शाम का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन शाम सात बजकर पाँच मिनट के बजाय शाम छह बजकर पैंतालिस मिनट पर प्रसारित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रधानमंत्री सुबह सात बजे लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को सम्बोधित करेंगे। इस कारण सुबह का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सात बजकर पाँच मिनट के बजाय सुबह छह बजकर पैंतालिस मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अंडमान निकोबार कमान सभी द्वीपवासियों को पन्द्रह अगस्त की संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित करता है। इस उपलक्ष्य में, संयुक्त सेवाओं का बैंड सिम्फोनिक कॉन्सर्ट आयोजित किया जाएगा, जिसमें नौसेना बैंड, सेना पाइप बैंड तथा प्रसिद्ध गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट बैंड (जो विशेष रूप से इस कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए धर्मशाला से आया है) भाग लेगा। यह कार्यक्रम श्री विजया पुरम, मरीना पार्क में शाम साढ़े चार बजे से दो घंटे तक आयोजित होगा। कॉन्सर्ट में विविध प्रस्तुतियाँ होंगी –– पश्चिमी शास्त्रीय संगीत, बॉलीवुड के लोकप्रिय गीत और देशभक्ति गीत जो भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही, वाद्य संगीत और स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित विशेष प्रस्तुतियाँ भी होंगी। शाम का मुख्य आकर्षण होगा नौसेना, कोस्ट गार्ड और डी.

एस.एस के जहाजों द्वारा फ्लैग प्वाइंट के समीप पांच बजकर पैंतालीस मिटन पर सूर्यास्त के समय रोशनी और फ्लेयर फायरिंग का मनमोहक प्रदर्शन, जो समुद्र के ऊपर अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगा। सभी द्वीपवासी इस ऐतिहासिक अवसर पर आमंत्रित हैं, ताकि हम अपनी महान स्वतंत्रता का उत्सव मिलकर मना सकें। आपकी उपस्थिति देशभक्ति और एकता की भावना को और प्रबल बनाएगी।

<><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद, श्री विजयपुरम द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाम छह बजे परिषद् के 'हिन्दी भवन' में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में द्वीपों के जाने–माने कवि–कवयित्री अपनी रचनायें प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी मुख्य अतिथि होंगे। सभी काव्यानुरागी का इस काव्य गोष्ठी पर सादर आमंत्रित हैं।

<><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज में बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली पंचायत कार्यालय से शुरू होकर बलिदान वेदी होते हुए धन्नीखाड़ी जंक्शन में सम्पन्न हुई। ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज के प्रधान पलानी कुमार ने बाइक रैली में भागीदारी के लिए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

युवा मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत ने आज ज्ञान को साझा करने, क्षमता निर्माण और युवाओं के बीच नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन अगले महीने से लागू होगा। इसका उद्देश्य शासन, लोक नीति, सामाजिक उद्यमिता, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और अन्य क्षेत्रों में संयुक्त कार्यक्रम के माध्यम से समूचे देश में अट्ठारह से उनतीस वर्ष की आयु के एक लाख युवाओं को तैयार करना है।

<><><><><><>

कल फरारगंज स्थित एस.टी.एस यूनिट में नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन सुबह साढ़े नौ बजे किया जाएगा। इस भवन का उद्घाटन परिवहन विभाग के आयुक्त करेंगे। इस अवसर पर परिवहन विभाग के सचिव और निदेशक भी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><>

इस वर्ष एक से तीस नवंबर तक देश भर में चौथा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पेंशनभोगियों के लिए चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह अभियान देश भर के एक हजार आठ सौ पचास से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में चलाया जाएगा। यह अभियान, पेंशन वितरण बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, रेलवे, यू.आई.डी.ए.आई. और अन्य संस्थानों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के सूदूर के क्षेत्रों में रहने वाले सभी पेंशनभोगियों तक पहुँचना है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने आज इस आगामी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्रालय ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने एक लाख अस्सी हजार ग्राम डाक सेवकों के माध्यम से एक हजार छह सौ जिला, उप–मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा। रेल, रक्षा मंत्रालय तथा अन्य संबंधित मंत्रालय और अन्य विभाग भी देश भर में इस अभियान के लिए जगह–जगह पर जागरूकता शिविरों का आयोजन करेंगे।

<><><><><><>

सभी उपभोक्ताओं एवं हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि अंडमान–निकोबार प्रशासन का विद्युत विभाग जो एक डीम्ड लाइसेंस है, ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस से वित्त वर्ष दो हजार उनतीस–तीस के लिए व्यवसाय योजना की स्वीकृति के लिए याचिका दिनांक अट्ठाईस जून दो हजार पच्चीस को गोवा राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष विद्युत अधिनियम दो हजार तेइस की धारा इकसठ, बासठ एवं चौसठ के अंतर्गत प्रस्तुत की है। माननीय आयोग ने इस व्यवसाय योजना के अंतर्गत दायर याचिका संख्या एक सौ बावन बटा दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार उनतीस–तीस हेतु व्यवसाय योजना की स्वीकृति के लिए अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग द्वारा दायर याचिका पर विभिन्न हितधारकों से आपत्तियां या टिप्पणियाँ आमंत्रित की जाती हैं।

<><><><><><>